मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर

डिजिटाईशन प्रोजेक्ट के तहत संविदा नियुक्ति (आउटसोर्स के माध्यम से) हेतु सूचना

क्रमांक 3731/29–जे/स्था./2018 ग्वालियर, दिनांक ..../06/2018

म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर के डिजीटल रिकॉर्ड की गुणवत्तापूर्ण जाँच, स्केनिंग कार्य में सहायता एवं अन्य संबंधित कार्य हेतु **म.प्र. उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री अथवा म.प्र. के जिला न्यायालयों से सेवानिवृत्त योग्य, सक्षम एवं स्वस्थ्य 05 अधिकारियों/कर्मचारियों की आउटसोर्स के माध्यम से निश्चित अनुबंध अवधि के लिये सेवाओं की आवश्यकता है।**

उपरोक्त कार्य संपादन हेतु एक निश्चित इकजाई वेतन अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी को रुपये 17,000/– (सत्रह हजार रुपये), सहायक ग्रेड–1 श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारी को रुपये 15,000/– (पन्द्रह हजार रुपये) एवं सहायक ग्रेड–2 श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारी को रुपये 14,000/– (चौदह हजार रुपये) मासिक आधार पर प्रदान किया जावेगा।

अतः उपरोक्त कार्य के लिये म.प्र. उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री अथवा म.प्र. के जिला न्यायालयों से सेवानिवृत्त उपयुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन–पत्र संलग्न प्रारूप में **प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर** को संबोधित कर प्रस्तुत करें। आवेदन–पत्र म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के आवक अनुभाग में **दिनांक 16.07.2018 को सायंकाल 05:00 बजे तक** आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

सही/–
(एन.के. सक्सेना)
प्रिंसिपल रजिस्ट्रार
30.06.2018

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर

डिजिटाईशन प्रोजेक्ट के तहत संविदा नियुक्ति (आउटसोर्स के माध्यम से) हेतु आवेदन–पत्र

नवीनतम
पासपोर्ट साईज फोटो
चस्पा करें।

प्रति,

श्रीमान् प्रिंसिपल रजिस्ट्रार महोदय,
म.प्र. उच्च न्यायालय,
खण्डपीठ ग्वालियर (म.प्र.)

1.	आवेदक का नाम	:	....
2.	पिता / पति का नाम	:	....
3.	जन्मतिथि	:	....
4.	सेवानिवृत्ति का दिनांक	:	....
5.	सेवानिवृत्ति के समय धारित पद	:	....
6.	कार्यालय का नाम, जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं.	:	....
7.	कुल सेवाकाल	:	....
8.	सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन	:	....
9.	कम्प्यूटर ज्ञान (डिप्लोमा आदि की जानकारी)	:	....
10.	वर्तमान पत्राचार का पता	:	....
11.	मोबाईल / टेलीफोन नंबर	:	....

स्थान : .... आवेदक के हस्ताक्षर ....

दिनांक : .... नाम ....

:: सहमति ::

मैं एतद्द्वारा अपनी सहमति देता / देती हूँ कि मैं .... म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर की स्थापना पर डिजिटाईजेशन प्रोजेक्ट में माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्य करने हेतु सहमत हूँ।

स्थान : .... आवेदक के हस्ताक्षर ....

दिनांक : .... नाम ....